**प्रेस नोट जनपद फतेहपुर**
**दिनांक 27.05.2025**

**पुलिस मुठभेड़**

## थाना थरियांव क्षेत्रान्तर्गत हाईवे से जयचन्दपुर मार्ग नहर के किनारे जंगल में पुलिस मुठभेड़ में शातिर गौकश/गैगेस्टर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, 02 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद जिन्दा कारतूस व गौकशी का सामान बरामद ।

**संक्षिप्त विवरण-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.05.2025 को थाना थरियाव पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 160/2025 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त मो0 हाफिज पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी करमचन्द्रपुर साडा थाना थरि़यांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 46 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था । उक्त मुकदमा की विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना हथगांव द्वारा की जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त से गौकशी के संबंध में पूछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया गया कि कभी – कभी गौकशी करते है यदि आप कहे तो गौकशी से संबंधित सामान बरामद करा सकता हूं । थाना थरियांव, थाना हथगांव व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताये गये स्थान (थाना थरियांव क्षेत्रान्तर्गत हाईवे से जयचन्दपुर मार्ग नहर के किनारे जंगल) पर ले जाया गया जहां काली पन्नी में पहले से ही लोडेड रखे अवैध तमंचा को लेकर अभियुक्त भागने लगा तथा अपने आपको घिरता देख पुलिस को लक्ष्यकर फायरिंग करने लगा । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभि0 मो0 हाफिज के बाये पैर में गोली लगने से घायल हो गया । घायल अभियुक्त को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी हसवा ले जाया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, 02 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद जिन्दा कारतूस व गौकशी का सामान( लकडी का ठीहा, चापड़, नायलन की रस्सी, बोरा आदि ) बरामद किया गया ।

**वर्तमान में की गयी कृत कार्यवाही का विवरणः-** उपरोक्त प्रकरण के सम्बंध में थाना थरियांव पर मु0अ0स0 162/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम को 10,000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों मे अंकुश लगेगा ।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पताः--**

1. मो0 हाफिज पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी करमचन्द्रपुर साडा थाना थरि़यांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 46 वर्ष **( घायल)**

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर
2. 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. गौकशी का सामान( लकडी का ठीहा, चापड़, नायलन की रस्सी, बोरा, काली पन्नी आदि )

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

**A- एसओजी-**

1. निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव प्रभारी एसओजी ।
2. मु0आ0 शैलेन्द्र कुशवाहा
3. मु0आ0 विपिन मिश्रा
4. का0 अभिमन्यु सिंह पटेल
5. का0 बृजेश पाल, 6. का0 राहुल कुमार

**B - थाना थरियांव —**

1. प्रभारी निरी0 श्री आलोक कुमार पाण्डेय थाना थरियांव जनपद फतेहपुर
2. वरि0उ0नि0 विनोद पटेल
3. उ0नि0 राजेश सिंह
4. उ0नि0 सुरेश कुमार सिंह
5. का0 रविन्द्र यादव
6. का0 प्रवीन चौधरी 7. का0 संदीप चौहान

**C- थाना हथगांव**

1. प्रभारी निरी0 श्री दुर्गेश गुप्ता थाना हथगांव जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 विद्याप्रकाश सिंह
3. उ0नि0 मनीष सिंह
4. का0 दीपक सिंह
5. का0 मनोज

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**